<u>कार्यालय – प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)</u>

// महत्वपूर्ण सूचना //

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) द्वारा **<u>स्टेनोग्राफर अंग्रेजी(नियमित)</u>** <u>के 02 पदों</u>**<u>(अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु–01 मुक्त पद तथा अनारक्षित वर्ग हेतु 01 मुक्त पद)</u>** पर सीधी भर्ती के संबंध में, कौशल परीक्षा हेतु चयनित/पात्र परीक्षार्थियों की वर्गवार पृथक–पृथक सूची, दिनांक 03.09.2024 को जिला न्यायालय जशपुर के शासकीय वेबसाईट पर अपलोड की जा चुकी है । उक्त पदों पर चयनित/पात्र परीक्षार्थियों की **कौशल परीक्षा** के आयोजन हेतु, चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से, **<u>संभावित तिथि दिनांक 14 सितम्बर 2024, दिन शनिवार</u>** को निर्धारित की गई थी।

वर्तमान में चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से, उक्त पदों पर कौशल परीक्षा हेतु पूर्व निर्धारित **<u>संभावित तिथि दिनांक 14.09.2024 दिन शनिवार, समय प्रातः 9:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक</u>**, को ही **कौशल परीक्षा तिथि** नियत की गई है ।

अतः अभ्यर्थियों/परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक <u>14.09.2024 को</u> **<u>प्रातः 8:00 बजे,</u> कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवायेंगे ।** <u>प्रातः 9:00 बजे के पश्चात् उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों/परीक्षार्थियों को कौशल परीक्षा से वंचित किया जा सकेगा, जिसकी समस्त जवाबदारी स्वयं आवेदक/परीक्षार्थी की होगी ।</u>

<u>कौशल परीक्षा की तिथि में कोई भी परिवर्तन होने की दशा में परीक्षार्थियों को कार्यालय के वेबसाईट के माध्यम से सूचना पृथक से दी जावेगी ।</u> अतः अभ्यर्थियों/परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे नियमित रूप से कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर के शासकीय वेबसाईट का अवलोकन करें ।

स्थान– जशपुर ।
दिनांक–12.09.2024

सही/–
अध्यक्ष, चयन समिति
कार्या. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)